जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र,
कबीरधाम (छ.ग.)

Email – empkabirdham@gmail.com, emp-kawardha.cg@nic.in

—:: 181 पदों हेतु दिनांक 17 दिसंबर 2024 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन ::—

कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से **जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में दिनांक 17 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार को प्रातः 11.00 बजे से दोप. 03.00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है,** जिसमें **अलर्ट एस.जी.एस. प्राईवेट लिमिटेड, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव प्वाईट, फल मार्केट के पास, लालपुर, रायपुर द्वारा** पद **सिक्यूरिटी गार्ड (पुरूष)** के **150** पद (न्यून.शैक्ष.यो. 5वीं कक्षा उत्तीर्ण, वेतन रू. 11,000–14,000), **सिक्यूरिटी गार्ड (महिला)** के **10** पद (न्यून.शैक्ष.यो. 10वीं कक्षा उत्तीर्ण, वेतन रू. 10,000), **कम्प्यूटर ऑपरेटर** के **04** पद (न्यून.शैक्ष.यो. 12वीं कक्षा उत्तीर्ण, 01 वर्ष का कार्यानुभव, वेतन रू. 8,000–10,000), **मार्केटिंग (पुरूष)** के **08** पद (न्यून.शैक्ष.यो. स्नातक, 03 वर्ष का कार्यानुभव, वेतन रू. 20,000–30,000), **कारपेंटर** के **04** पद (न्यून.शैक्ष.यो. 12वीं कक्षा उत्तीर्ण, 06 माह का कार्यानुभव, वेतन रू. 8,000–12,000) एवं **सुपरवाईजर** के **05** पद (न्यून.शैक्ष.यो. स्नातक, 03 वर्ष का कार्यानुभव, वेतन रू. 14,000) पर भर्ती किया जाना है। उक्त समस्त पदों हेतु आयुसीमा 20–45 वर्ष तथा कार्यक्षेत्र रायपुर है। यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाना है, अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने रोजगार पहचान पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व अन्य प्रमाण पत्रों (जो पद हेतु आवश्यक हो) की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला न्यायालय रोड, कवर्धा, जिला कबीरधाम में उपस्थित हो सकते है। इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

जिला रोजगार अधिकारी,
कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक / 642 /जिरोस्वमादकेक/प्लेसमेंट कैम्प/2024/ /कवर्धा, दिनांक 13.12.2024

प्रति,

सहायक संचालक,
जिला जनसंपर्क कार्यालय, कबीरधाम (छ.ग.)

विषय :– प्लेसमेंट कैम्प हेतु प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन बाबत्।

विषयान्तर्गत कृपया उक्त विज्ञप्ति, कबीरधाम जिले के युवाओं के सूचनार्थ/व्यापक हित हेतु स्थानीय एवं प्रादेशिक दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करेंगे।

जिला रोजगार अधिकारी,
कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमशः 2 पर

पृ0 क्रमांक / 643-5 /जिरोस्वमादकेक / प्लेसमेंट कैम्प / 2024 / /कवर्धा, दिनांक 13.12.2024

प्रतिलिपि :–

1. संचालक "रोजगार पक्ष", संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, ब्लॉक नं. 4, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, जिला रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, जिला कबीरधाम को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, कवर्धा, पण्डरिया, बोड़ला, स.लोहारा को सूचनार्थ। कृपया आपके कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर, इच्छुकों को सूचित करने का कष्ट करेंगे।
4. प्राचार्य, आचार्य पंथश्री गृथमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (अग्रणी कॉलेज) / शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, महराजपुर, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा, पण्डरिया, बोड़ला, स.लोहारा / जिला परिवहन अधिकारी, कबीरधाम को सूचनार्थ। कृपया उक्त विज्ञप्ति आपके कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर, इच्छुक छात्र–छात्राओं को उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने सूचित करने का कष्ट करेंगे।
5. सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज / सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, महराजपुर को सूचनार्थ। कृपया उक्त विज्ञप्ति आपके कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर, प्रशिक्षित / प्रशिक्षणरत / इच्छुक छात्र–छात्राओं को उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने सूचित करने का कष्ट करेंगे।
6. श्री अनिल द्विवेदी, एच.आर. अलर्ट एस.जी.एस. प्राईवेट लिमिटेड, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव प्वाईंट, फल मार्केट के पास, लालपुर, रायपुर को सूचनार्थ। कृपया ऑफर लेटर एवं अपने सहयोगियों सहित नियत तिथि व समय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला रोजगार अधिकारी,
कबीरधाम (छ.ग.)